मुझे सेवा में अपनी लगा लीजिए

आपकी महफ़िल आपके गीत,
आपका ही श्रृंगार करूँ,
जब तक नैनो के दीप जले,
आपका ही दीदार करूँ,
तेरा होक रहूँ जब तक मैं जीवूँ,
मुझे सेवा में अपनी लगा लीजिए,
ओ मेरे सांवरे, ओ मेरे सांवरे,
मेरी ज़िन्दगी को ऐसे सजा दीजिये
ओ मेरे सांवरे, ओ मेरे सांवरे,
मेरी ज़िन्दगी को ऐसे सजा दीजिये।

ना ही किसी से बैर रहे,
ना ही किसी से तक़रार करूँ......-2
लब पे सदा मुस्कान रहे,
हर दिल से मैं प्यार करूँ,
दीपक सा जलूं तेरे पथ पे चलूँ,
प्रभु मुझको भी प्रेम सिखा दीजिये,
ओ मेरे सांवरे, ओ मेरे सांवरे,
मेरी ज़िन्दगी को ऐसे सजा दीजिये।

चाहे ख़ुशी हो चाहे हो गम,
हर पल तू मेरे पास रहे.....-2
तेरा ही सुमिरन करता रहूँ,
जब तक साँसों में साँस रहे,
मर भी जाऊं अगर छूटे ना तेरा दर,
सोनू कहे चरणों में जगह दीजिए,
ओ मेरे सांवरे, ओ मेरे सांवरे,
मेरी ज़िन्दगी को ऐसे सजा दीजिये.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24266/title/mujhe-sewa-me-apni-lga-lijiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |